कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# 'विश्व मानवतावादी दिवस' का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में महा दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व मानवतावादी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रंजना श्रीवास्तव द्वारा 'मानवता को सबसे बड़ा धर्म' बताया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान बताया कि मानवता दिवस हमें याद दिलाता है कि सेवा और करूणा जीवन के असली मूल्य है।

तत्पश्चात् यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश द्वारा विश्व मानवता दिवस मनाने के उद्देश्यों के बारे बताया कि यह दिवस मानवतावादी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने एवं युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकटों में सहायता प्रदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। डॉ0 सीमा कालरा ने मानवतावादी दिवस मनाये जाने के पीछे के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं महाविद्यालय की छात्राओं को अवगत करवाया कि यह दिवस 19 अगस्त 2003 को इराक की राजधानी बगदाद में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय पर हुए आंतकवादी हमले में हताहत हुए लोगों को याद करने एवं सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने मानवता की सेवा में कार्य करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

संबोधन की अगली कड़ी में कु0 श्रद्धा द्वारा मानवतावादी दृष्टिकोण एवं मनोविज्ञान के मध्य संबंधों पर चर्चा की तथा इन्होने बताया सहयोग, दान, परोपकार जैसे व्यवहार मनोवैज्ञानिक दृष्टि से ही उत्पन्न होते हैं। इस अवसर पर डॉ0 तोषिना तेलंग, डॉ0 अनामिका वस्त्रकार एवं महाविद्यालय की छात्राऐं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कु0 तब्बसुम अली द्वारा किया गया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

‘विश्व मानवतावादी दिवस’ का आयोजन

